जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

साप्ताहिक

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

# हमारा वतन


ہمارا وطن ہفت روزہ

देश का अपना अखबार

संस्थापित 1965

www.hamarawatan.com

FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan



संस्थापक स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय' स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक स्व. श्री बाबू लाल सैनी



सम्पादक राम गोपाल सैनी

वर्ष- 62 | अंक-34 | जयपुर, सोमवार, 14 सितम्बर, 2026 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4


# राजस्थान नगर निकाय चुनाव: EVM में कैद प्रत्याशियों की किस्मत, आज सुबह 8 बजे से शुरू होगी मतगणना

**जयपुर (हमारा वतन)**

राजस्थान प्रदेश में नगर निकायों के चुनाव की प्रक्रिया 9 सितंबर और 11 सितंबर को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो चुकी है। चुनाव संपन्न होते ही सभी प्रत्याशियों का राजनीतिक भाग्य EVM में बंद हो गया है। आज प्रातः 8:00 बजे से मतगणना की शुरुआत होगी, जिसके बाद प्रदेशभर के शहरी निकायों में जीत-हार की तस्वीर पूरी तरह साफ हो जाएगी।

**रिजॉर्ट-पॉलिटिक्स का जोर: 400 से अधिक ठिकानों पर बाड़ेबंदी-** चुनाव खत्म होते ही भाजपा और कांग्रेस, दोनों ही प्रमुख दलों ने संभावित जोड़-तोड़ और क्रास वोटिंग से बचने के लिए बाड़ेबंदी तेज कर दी थी। प्रदेश भर के 400 से अधिक होटल, रिसॉर्ट्स और फार्म हाउस में भाजपा, कांग्रेस और निर्दलीय प्रत्याशियों का डेरा जमा हुआ है। रणनीतिक रूप से तय किया गया है कि जैसे-जैसे मतगणना के परिणाम सामने आते जाएंगे, हारने वाले प्रत्याशी बाड़ेबंदी से बाहर होते जाएंगे।

**सत्तारूढ़ दल के लाभ का ट्रेंड और निर्दलीयों का प्रभाव-** प्रदेश की 47 नगर परिषदों में दोनों ही दलों ने अपनी पूरी ताकत झोंकी है। ऐतिहासिक रुझानों के अनुसार, अमूमन राज्य में सत्तासीन दल को स्थानीय निकाय चुनावों में बढ़त का लाभ मिलता रहा है।

**पिछला इतिहास-** पिछले चुनावों (तत्कालीन कांग्रेस सरकार के समय) में 47 नगर परिषदों में से 26 पर कांग्रेस ने अपने बोर्ड बनाए थे, जबकि भाजपा 14 नगर परिषदों में ही अपने सभापति बना सकी थी। शेष 7 नगर परिषदों में निर्दलीयों का दबदबा रहने के कारण दोनों दलों को निर्दलीयों के समर्थन से ही सभापति की कुर्सी तय करनी पड़ी थी।




**वर्तमान अनुमान-** इस बार बड़ी संख्या में निर्दलीय प्रत्याशियों के जीतकर आने की संभावना है, जिससे कई निकायों में निर्दलीय किंगमेकर की भूमिका में होंगे। शुरुआती आकलन और ग्राउंड रिपोर्ट के अनुसार भाजपा 27 से 30 नगर परिषदों में बोर्ड बनाने की स्थिति में है। कांग्रेस 12 से 15 नगर परिषदों में बढ़त का अनुमान है। वहीं अन्य/निर्दलीय शेष निकायों में निर्णायक स्थिति में रहेंगे।

**चौमूं, कालाडेरा और खेजरोली में कड़ा मुकाबला-** चौमूं नगर परिषद के कई वार्डों में मुकाबला काफी रोचक और कांटे का रहा है। परिणाम की घोषणा से पहले भाजपा और कांग्रेस अपने-अपने गणित और संभावित आंकड़ों के आकलन में जुटे हैं। स्पष्ट बहुमत न मिलने की आशंका को देखते हुए दोनों ही खेमे पूरी सावधानी बरत रहे हैं। यही स्थिति पास के नगर पालिका क्षेत्रों कालाडेरा और खेजरोली में भी देखी जा रही है। आज दोपहर तक मतगणना के नतीजे आने के साथ ही यह स्पष्ट हो जाएगा कि जनता ने किस पार्टी पर अपना विश्वास जताया है और नगर परिषदों तथा नगर पालिकाओं में सिरमौर कौन बनेगा।



## बाखल प्री स्कूल करिकुलम रिसर्चर्स प्राइवेट लिमिटेड का पांचवां वार्षिक कार्यक्रम सिंपोजियम हुआ संपन्न

**जयपुर (हमारा वतन)।** बाखल प्री स्कूल करिकुलम रिसर्चर्स प्राइवेट लिमिटेड का पांचवां वार्षिक कार्यक्रम सिंपोजियम संपन्न हुआ। जिसमें शहर के नामचीन शिक्षाविदों ने भाग लिया। सिंपोजियम की थीम यूथ इन क्राइसिस और पूर्ण व्यक्तित्व विकास में वाक् शक्ति का महत्व था।

प्रतिवर्ष सिंपोजियम में टीचर्स को फेलोशिप दी जाती हैं। पिछले साल की फेलोशिप प्राप्तकर्ता डॉ. दीपिका जोशी ने रिसर्च पेपर प्रस्तुत किया।

एम जी डी स्कूल की निदेशक अर्चना मनकोटिया, रिटायर्ड प्रिंसपल जयश्री भार्गव, अरुणा सुरेश, एम पी एस इंटरनेशनल की मंजू शर्मा, वर्धमान इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल श्रुति उपाध्याय ने पैनल डिस्कशन में भाग लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रमा दत्ता रहीं।

कार्यक्रम में दी होनर टिल फाउंडेशन @ डॉ. गीता पारीक ने सभी प्रतिभागियों को भारत भाग्य विधाता सम्मान से नवाजा।कार्यक्रम प्रसंग वशिष्ठ चेरिटेबल ट्रस्ट के सौजन्य से सम्पन्न हुआ।

बाखल की निदेशक और प्रसंग वशिष्ठ चेरिटेबल ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी रेणु वशिष्ठ ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी Gen Beta को किस प्रकार उनकी सत्य धुरी के प्रति चेतना जागृत की जाए, जिससे कि अपनी पूर्ण क्षमताओं के विकास कर सके। कार्यक्रम के अन्य वक्ता कृतेश अग्रवाल रहे। कार्यक्रम अति सौहार्द पूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

## समर्पण संस्था का 11वाँ 'ग्लोबल समर्पण समाज गौरव 2026 अवार्ड' समारोह 22 नवम्बर को

**जयपुर (हमारा वतन)**

मानवता व परोपकार के लिए समर्पित समर्पण संस्था की ओर से 11 वाँ ग्लोबल समर्पण समाज गौरव 2026 अवार्ड समारोह आगामी 22 नवम्बर को जयपुर में आयोजित किया जायेगा । इसके लिए राष्ट्र व समाज हित में उत्कृष्ट काम करने वाले व्यक्तियों से वैश्विक स्तर पर केवल हार्ड कॉपी में निर्धारित नामांकन फ़ॉर्म के साथ 25 सितम्बर तक प्रविष्टियाँ आमन्त्रित की गई है। संस्था ने यह अनिवार्य किया है कि नामांकन कर्ता 10 वर्षों से अधिक समय से अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहें हों । रजिस्टर्ड संस्था / संगठन के लिए भी न्यूनतम 10 वर्ष का सेवा कार्य होना आवश्यक है । निर्धारित नामांकन फॉर्म के साथ प्रोफ़ाइल, पहचान पत्र, पासपोर्ट फोटो, कोई प्रिंट सामग्री , समाचार पत्रों की क्लिप आदि दस्तावेज़ साथ में संलग्न करने होंगे । नामांकन फ़ॉर्म संस्था की वेबसाइट www.samarpansanstha.org से डाउनलोड कर सकते है । या संस्था कार्यालय से प्राप्त कर सकते है ।



नामांकन प्रविष्टियाँ केवल डाक/ कोरियर या कार्यालय में व्यक्तिगत उपस्थिति द्वारा ही स्वीकार किये जायेंगे । डाक व कोरियर का पता संस्था का रजिस्टर्ड कार्यालय ,192/38, कुम्भा मार्ग, प्रताप नगर , जयपुर, राजस्थान 302033 है ।

''ग्लोबल समर्पण समाज गौरव 2026 '' अवार्ड के तहत समाज सेवा, शिक्षा, कला, खेल, महिला सशक्तिकरण, आध्यात्म, पर्यावरण , चिकित्सा, सामाजिक न्याय, साहित्य , शोध व आविष्कार, पत्रकारिता, बिज़नेस, योग ,दान व क्रियेट कन्टेन्टर आदि क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को 16 श्रेणियों में सम्मानित किया जाएगा।

प्रविष्टियाँ जॉचने व चयन के लिए पाँच सदस्यों की एक चयन समिति गठित की जायेगी । चयनित सभी अवार्डीज की संस्था द्वारा डॉक्युमेंट्री बनाई जायेगी जिसे सम्मान करते समय एलईडी पर दिखाया जायेगा ।

उल्लेखनीय है कि संस्था द्वारा इससे पूर्व गत वर्षों में 556 विभूतियों को समर्पण समाज गौरव अवार्ड से सम्मानित किया जा चुका है । संस्था द्वारा पूर्व में सम्मानित हो चुके व्यक्तियों से पुनः आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा ।संस्था द्वारा एक व्यक्ति को केवल एक बार ही सम्मानित किया जाता है ।

नामांकन प्रविष्टियाँ आमन्त्रण के पोस्टर का विमोचन संस्था कार्यालय में संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या, प्रधान मुख्य संरक्षक प्रमोद चौरडिया जैन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सी एल वर्मा , मुख्य सलाहकार डी आर रेवाला ने किया ।

# श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति का 34वाँ वार्षिकोत्सव अक्टूबर में

**जयपुर (हमारा वतन)।** हारे का सहारा खाटू श्याम हमारा के जयकारों के साथ श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति जयपुर द्वारा अपने 34वें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में विशाल श्याम महाकुंभ का आयोजन करने जा रही है। तीन दिवसीय यह धार्मिक महोत्सव 2 अक्टूबर से 4 अक्टूबर 2026 तक शास्त्री नगर स्थित खंडेलवाल कॉलेज में आयोजित होगा। 2 अक्टूबर 2026, शुक्रवार को शाम 4:00 बजे भव्य एवं विशाल कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ होगा। 3 एवं



4 अक्टूबर 2026 शनिवार व रविवार को खंडेलवाल कॉलेज, शास्त्री नगर में 36 घंटे निरंतर विराट भजन संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें ख्यातनाम भजन गायकों द्वारा बाबा श्याम का गुणगान किया जाएगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियाँ ज़ोरों पर हैं और इस महाकुंभ में जयपुर शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से हज़ारों श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है। समिति ने सभी श्याम भक्तों से इस पावन अवसर पर पहुँचकर धर्म लाभ उठाने की अपील की है।

# डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी 'ज्ञान गंगा सम्मान 2026' से हुए सम्मानित



**देहरादून (हमारा वतन)**

शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के साथ पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में सराहनीय कार्य के लिए वृक्षमित्र डॉ. त्रिलोक चंद्र सोनी को ज्ञान गंगा सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। डॉ. सोनी वर्तमान में पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज आईडीपीएल वीरभद्र ऋषिकेश में प्रवक्ता भूगोल के पद पर कार्यरत हैं। वृक्षमित्र डॉ. सोनी को ज्ञान गंगा सम्मान 2026 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व शिक्षा मंत्री भारत सरकार डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, कैबिनेट मंत्री खजान दास, संस्था अध्यक्ष विदुषी निशंक ने सम्मान पत्र व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

वृक्षमित्र डॉ. सोनी व किरन सोनी ने मुख्यमंत्री को रुद्राक्ष का पौधा उपहार में भेंट किया और मुख्यमंत्री को डॉ. सोनी ने अवगत कराया कि पौधे उपहार में भेंट करने की परम्परा की शुरुआत मेरे द्वारा की गई है जिसमें मुख्यमंत्री ने कहा मैंने इस कार्यक्रम को चलाया हुआ है। वही डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक व कुसुम कांता फाउंडेशन व मंथन वेलफेयर सोसाइटी ने डॉ. सोनी को ज्ञान गंगा सम्मान से सम्मानित होने पर बधाई दी जिसके एवज मे डॉ. सोनी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

यह कार्यक्रम कुसुम कांता फाउंडेशन व मंथन वेलफेयर सोसाइटी के तत्वाधान में मुख्य सेवक सदन में आयोजित किया गया जिसमें शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, स्पर्श गंगा, नमामि गंगे, स्वछता, के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व छात्रों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में पूजा पोखरियाल, जगदीश टम्टा, मनोज गुप्ता, पुष्कर सिंह नेगी, हीरा सिंह नेगी, एसपी सिंह, डॉ. हंसी जोशी, किरन सोनी आदि उपस्थित थे।



## चौमूं में हुआ किट्टू सैनी फैशन एकैडमी और बुटिक का भव्य शुभारम्भ

**चौमूं (हमारा वतन)**

चौमूं क्षेत्र की महिलाओं और लड़कियों को स्वावलंबी तथा आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से चौमूं शहर के थाना मोड़, महालक्ष्मी टावर में किट्टू सैनी फैशन एकैडमी और बुटिक का भव्य शुभारम्भ उदयपुरिया मठ के भगवान पुरी महाराज ने अपने कर कमलों से फीता काटकर किया।

फैशन एकैडमी की ओनर प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर किट्टू सैनी ने बताया कि हमारी एकैडमी में सभी प्रकार की सिलाई एवं आधुनिक फैशन डिजाइनिंग का संपूर्ण व्यावहारिक व व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। जो महिलाएं अथवा युवतियां सिलाई सीखकर अपना करियर बनाना चाहती हैं या स्वयं का बुटीक व्यवसाय शुरू करना चाहती हैं, उनके लिए यह एक बेहतरीन अवसर है।

इस कोर्स का मुख्य उद्देश्य स्थानीय महिलाओं में हुनर का विकास करना और उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है। उन्होंने इच्छुक महिलाओं एवं लड़कियों से अपील की है कि वे शीघ्र अति शीघ्र अपना रजिस्ट्रेशन कराएं। शुभारम्भ के अवसर पर एमडीएफसी बैंक के सीईओ रविकांत शर्मा, गिरधारी लाल सैनी, ललिता देवी, रितु सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।




## 16 सितम्बर को रिलीज़ होगी शॉर्ट फिल्म 'दूरियां'

**जयपुर (हमारा वतन)।** संस्कार सृजन संस्था के बैनर तले निर्मित शॉर्ट फिल्म 'दूरियां' 16 सितम्बर 2026 को सुबह 8:15 बजे 'इंडिया' यूट्यूब चैनल पर रिलीज़ की जाएगी। फिल्म का पोस्ट प्रोडक्शन वर्क कम्पलीट हो चुका है।

फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी ने बताया कि आज के जमाने में एक ही घर में रहकर पिता और पुत्री के बीच किस प्रकार से दूरियां उत्पन्न हो जाती हैं। इसी को लेकर यह शॉर्ट फिल्म बनाई गयी है। फिल्म में संदेश दिया गया है की कैसे आज के जमाने में बच्चों के साथ संवाद स्थापित कर दूरियों को मिटाया जा सकता है। इस शॉर्ट फिल्म में मुख्य भूमिकाओं में प्रिया शर्मा, सुनील शर्मा और नारंगी देवी ने अभिनय किया है। एडिटिंग रजनीश सैनी की है।

वहीं फिल्म के सह-निर्देशक संदीप शर्मा और मोहन सैनी ने बताया कि इससे पहले भी संस्कार सृजन संस्था द्वारा निर्मित अनमोल जीवन, अपमान, सच्ची आज़ादी और राखी जैसी शॉर्ट फिल्म इंडिया यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुकी हैं, जिसे दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है। चैनल आगे भी सामाजिक सन्देश देने वाली शॉर्ट फिल्मों का निर्माण कर नए कलाकारों को मौका देता रहेगा।

## पर्यावरणविद् डॉ. विनय कंसल को मुख्यमंत्री ने 'भागीदारी प्रमाण पत्र' से किया सम्मानित

**नई दिल्ली (हमारा वतन)।** मिशन हरित दिल्ली अभियान को गति देने के उद्देश्य से दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा शुरू किए गए मिशन 70 लाख वृक्षारोपण अभियान के तहत एक पेड़ माँ के नाम विशाल पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान में पर्यावरण संरक्षण समिति (राष्टीय) के राष्टीय संस्थापक अध्यक्ष एवं जाने-माने पर्यावरणविद् डॉ. विनय कंसल ने सक्रिय भूमिका निभाई। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उनके सराहनीय योगदान और इस विशाल पौधारोपण अभियान में उत्कृष्ट भागीदारी के लिए दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता द्वारा डॉ. विनय कंसल को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉ. विनय कंसल ने कहा कि दिल्ली को स्वच्छ, सुंदर और प्रदूषण मुक्त बनाने के लिए हर नागरिक को एक पेड़ माँ के नाम अभियान से जुड़कर पौधरोपण करना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री के इस मिशन 70 लाख वृक्षारोपण अभियान की सराहना करते हुए समाज के सभी वर्गों से पर्यावरण सुरक्षा में अपना योगदान देने की अपील की।




## सड़क किनारे बेसहारा लोगों का संबल बना अपना घर आश्रम

**उदयपुर (हमारा वतन)।** सड़क किनारे बेसहारा और आश्रयहीन जीवन जीने को मजबूर लोगों के लिए अपना घर आश्रम उदयपुर, बेदला लगातार उम्मीद की किरण बनकर सामने आ रहा है। सूचना मिलते ही आश्रम की रेस्क्यू टीम ऐसे जरूरतमंद लोगों तक पहुंचकर उन्हें सुरक्षित आश्रय, सेवा, उपचार एवं पुनर्वास उपलब्ध करा रही है। आश्रम अध्यक्ष गोपाल कनेरिया ने बताया कि रघुनाथ भाट की सूचना पर सिटी रेलवे स्टेशन से एक आश्रयहीन व्यक्ति को आश्रम की रेस्क्यू टीम ने रेस्क्यू किया। वहीं रामलाल भाई की सूचना पर पाला गणेश,गुलाबबाग- किशनपोल रोड क्षेत्र में पिछले करीब चार माह से लावारिस स्थिति में रह रहे एक अन्य आश्रयहीन व्यक्ति को रेस्क्यू कर बेदला स्थित अपना घर आश्रम उदयपुर में सेवा, उपचार एवं पुनर्वास के लिए भर्ती कराया गया। रेस्क्यू अभियान में आश्रम अध्यक्ष गोपाल कनेरिया, आश्रम प्रभारी कमल सोनी एवं सेवा साथी रोहित कुमार का विशेष सहयोग रहा।



## स्पर्श (कविता)

कभी-कभी मेरा दिल
मचल जाता है
एक मासूम बच्चे की तरह,
एक मधुर स्पर्श के लिए,
जो मिलता था कभी माँ के आँचल में,
चाँदनी रात और नींद की आगोश में।
खिड़की के झरोखे से आता हवा का झोंका,
खुली पीठ पर तुम्हारे मृदुल हाथ की थपकी,
मैं उनींदी आँखों से कब सपनों की दुनिया में
खो जाता था।
अब, आँखों से बहती अश्रुओं की धार
और माथे पर तुम्हारे हाथ के होने का आभास,
कोरा आभास!
जब टूटती है तंद्रा तो कोई नहीं होता पास,
और बेचैनियाँ बढ़ जाती हैं,
और भविष्य की बनती-बिगड़ती रेखाएँ घेर लेती हैं
अंतर्मन में बसी अतीत की कोमल भावनाओं को
और छेड़ देती हैं एक द्वंद्व तुम्हारे बिना,
कभी खत्म न होने वाला द्वंद्व।



**विनोद शर्मा वेणु,सीकर**

सभी खादी संस्थाओं से निवेदन है कि अपनी गतिविधियों की जानकारी प्रकाशित करवाने के लिए हमें जरूर भेजें !
Email-hamarawatan65@gmail.com, whatsapp-9214996258.




## जॉब्स

1. एलएसजी डिपार्मेंट राजस्थान, पद सफाई कर्मचारी, पद संख्या 24752, अंतिम तिथि 28 सितंबर 2026
2. इंडिया पोस्ट, पद ग्रामीण डाक सेवक, पद संख्या 23757, अंतिम तिथि 21 सितंबर 2026
3. यूपीएससी, पद कंबाइंड जिओ साइंटिस्ट, पद संख्या 127, अंतिम तिथि 22 सितंबर 2026
4. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन, पद जूनियर इंजीनियर, पद संख्या 1748, अंतिम तिथि 22 सितंबर 2026
5. आईबीपीएस, पद ऑफिस असिस्टेंट/ऑफिसर स्केल I, पद संख्या 13706, अंतिम तिथि 21 सितंबर 2026
6. स्टाफ सिलेक्शन कमिशन सीएचएसएल, पद एलडीसी/जेएसए/डीईओ, पद संख्या 2536, अंतिम तिथि 7 अक्टूबर 2026
7. एसएससी,पद दिल्ली पुलिस एसआई, पद संख्या 1871, अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026
8. बैंक ऑफ़ इंडिया, पद स्पेशलिस्ट ऑफिसर, पद संख्या 205, अंतिम तिथि 25 सितंबर 2026




## गणपति बप्पा मोरया! बॉलीवुड सितारे जो हर गणेश चतुर्थी पर घर लाते हैं बप्पा

गणेश चतुर्थी अपने साथ भक्ति, उत्सव और परिवार के साथ खुशियां मनाने का अवसर लेकर आती है, और बॉलीवुड भी इससे अछूता नहीं है। हिंदी फिल्म इंडस्ट्री के कई सितारे हर साल बड़े श्रद्धा भाव के साथ अपने घरों में गणपति बप्पा का स्वागत करते हैं। भव्य उत्सवों से लेकर पारिवारिक आरती तक, ये कलाकार पूरे उत्साह और आस्था के साथ इस पर्व को मनाते हैं। सलमान खान के घर गणेश चतुर्थी का उत्सव बॉलीवुड की सबसे चर्चित परंपराओं में से एक है। अभिनेता अपने पूरे परिवार के साथ गणपति बप्पा का स्वागत करते हैं और आरती व पूजा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं। उनके परिवार का यह उत्सव प्रेम, एकता और सौहार्द का प्रतीक माना जाता है।कार्तिक आर्यन भी गणेश चतुर्थी को बेहद श्रद्धा के साथ मनाते हैं। हर वर्ष वे न सिर्फ अपने घर गणपति बप्पा की स्थापना करते हैं, बल्कि सोशल मीडिया पर अपने फैंस के लिए उत्सव की झलकियां भी साझा करते रहते हैं। उनके लिए यह पर्व आशीर्वाद प्राप्त करने, परिवार के साथ समय बिताने और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर होता है।शिल्पा शेट्टी गणेश चतुर्थी को पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाने के लिए जानी जाती हैं। अभिनेत्री अपने घर बप्पा का स्वागत करती हैं और परिवार के साथ पूजा-अर्चना करती हैं। इस ख़ास मौके पर वे अपने प्रशंसकों के साथ इस विशेष अवसर की खूबसूरत तस्वीरें और वीडियो साझा करती हैं। श्रद्धा कपूर के लिए भी गणेश चतुर्थी परिवार और आस्था से जुड़ा एक खास त्योहार है। अभिनेत्री अपने परिवार के साथ वर्षों से गणपति उत्सव का हिस्सा रही हैं और आज भी पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ बप्पा का स्वागत करती हैं। युवा अभिनेत्री पश्मीना रोशन भी अपने परिवार के साथ इस शुभ अवसर को बेहद भक्ति भाव से मनाती हैं। वह भगवान गणेश का घर में स्वागत कर उत्सव की भावना को अपनाती हैं और पारिवारिक परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए श्रद्धा और भक्ति का परिचय देती हैं।




## बतौर निर्माता 'डोंट बी शाय' को लेकर नर्वस महसूस कर रहीं आलिया भट्ट

अभिनेत्री आलिया भट्ट इन दिनों अपनी प्रोड्यूस आगामी फिल्म डोंट बी शाई को लेकर सुर्खियों में चल रही हैं। अभिनेत्री ने ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान बताया कि वह फिल्म के साथ चार नए एक्टर्स और एक डेब्यूटेंट डायरेक्टर को इंट्रोड्यूस करने को लेकर ज्यादा नर्वस हैं। ट्रेलर लॉन्च के दौरान आलिया से पूछा गया था कि क्या उन्हें कभी लगा कि उन्हें भी इस फिल्म में एक्टिंग करनी चाहिए थी, तो इस पर उन्होंने कहा, नहीं, मुझे कभी ऐसा नहीं लगा कि मुझे इस फिल्म में एक्टिंग करनी चाहिए थी। आलिया ने फिल्म को लेकर उत्सुकता जाहिर करते हुए कहा कि इस प्रोजेक्ट को प्रोड्यूस करने से उन्हें एक अलग तरह की खुशी मिली है, क्योंकि वह शुरू से ही इसकी कहानी और इसकी दुनिया बनाने में शामिल रही हैं। उन्होंने कहा, 14 साल पहले मैंने फिल्म स्टूडेंट ऑफ द ईयर से एक एक्टर के तौर पर अपना डेब्यू किया था और अब इतने सालों बाद मैं चार नए एक्टर्स और एक डेब्यूटेंट डायरेक्टर को इंट्रोड्यूस कर रही हूं और मैं अभी उनसे कहीं ज्यादा नर्वस हूं। क्योंकि, आपके सवाल का जवाब दूं तो, मुझे एक एक्टर होना और कैमरे के सामने रहना पसंद है, लेकिन एक प्रोड्यूसर होने का एक अलग ही तरह का सुकून है। एक्ट्रेस ने आगे कहा- जब फिल्म की निर्देशक श्रीति मुखर्जी हमारे पास इस मूवी बनाने का आइडिया लेकर आईं, तो हमने ही कहा कि चलो इसे साथ में करते हैं । और फिर हम इसे अपने प्यारे पार्टनर्स के पास ले गए। यह कहानी मेरे दिल के बहुत करीब है और हर कोई इससे जुड़ पाएगा। श्रीति मुखर्जी के निर्देशन में बनी फिल्म डोंट बी शाय 20 साल की लड़की श्यामिली शाइ दास की कहानी है, जो मानती है कि उसने ज़िंदगी को समझ लिया है, लेकिन वह देखती है कि उसकी सोची-समझी जिंदगी एक अचानक मोड़ ले लेती है, क्योंकि सब कुछ उसके कंट्रोल से बाहर होने लगता है।



## हमें ऐसी कहानी चाहिए जो आज भी मायने रखने वाली साधारण और खूबसूरत बातों की याद दिलाएं- मानसी पारेख

नेशनल अवॉर्ड जीतने वाली एक्ट्रेस मानसी पारेख, जो अपनी आने वाली गुजराती फिल्म मित्रता- फ्रेंडशिप नी लव स्टोरी की रिलीज का इंतजार कर रही हैं, ने उन कहानियों की अहमियत के बारे में बात की है, जो हमें उन साधारण और खूबसूरत चीजों की याद दिलाती हैं जो आज भी मायने रखती हैं। इस फिल्म में विराज घेलानी, दीप वैद्य और विशाल पारेख भी हैं। यह दोस्ती के विषय पर आधारित है। फिल्म का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज किया गया, जिसमें 3 दोस्तों की जिंदगी और उनके बीच के रिश्तों को दिखाया गया है। फिल्म दोस्ती के कई पहलुओं और जिंदगी के बदलते दौर में मजबूत होने वाले रिश्तों को दिखाती है। फिल्म के बारे में बात करते हुए सोल सूत्र के प्रोड्यूसर मानसी पारेख और पार्थिव गोहिल ने कहा, मित्रता के केंद्र में एक बहुत ही सरल और आम भावना है- दोस्ती। आज के निराशावादी दौर में हमें ऐसी कहानियों की जरूरत है जो हमें उन सरल, खूबसूरत चीजों की याद दिलाएं जो आज भी मायने रखती हैं, और दोस्ती उनमें से एक है। हम सभी की जिंदगी में ऐसे लोग होते हैं, जिन्होंने हमारे अलग-अलग रूप देखे हैं और हर हाल में हमारे साथ रहे हैं। ओनिल ने उस भावना को एक ऐसी दुनिया में उतारा है, जो मनोरंजक, गर्मजोशी से भरी और भावनाओं से भरपूर है। हम आखिरकार दर्शकों के साथ मित्रता की दुनिया को साझा करने के लिए उत्साहित हैं।यह फिल्म उनकी गुजराती ब्लॉकबस्टर झमकूड़ी के बाद एक्ट्रेस और उनके (को-स्टार) के फिर से साथ आने का मौका है। विराज घेलानी ने कहा, दोस्ती शायद उन कुछ रिश्तों में से एक है जहां आप बिना किसी दिखावे के खुद जैसे हो सकते हैं।





## कुकिंग ऑयल क्या हेल्दी हार्ट के लिए पूरी तरह छोड़ देने चाहिए ?



लेस ऑयल कुकिंग या जीरो ऑयल कुकिंग काफी ज्यादा ट्रेंड कर रहा है, जिसे लेकर बहुत से लोग यह सवाल कर रहे हैं, की क्या लेस ऑयल कुकिंग असल में फायदेमंद है? आइए जानते हैं। खाद्य पदार्थों को पकाने में असंतुलित रूप से इस्तेमाल होने वाले ऑयल आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ज्यादातर लोगों को कुकिंग ऑयल से जुडी जानकारी नहीं होती, ऐसे में वे अपने खाद्य पदार्थों में असंतुलित रूप से किसी भी ऑयल का इस्तेमाल करते हैं। जिसकी वजह से खाद्य पदार्थों की असल गुणवत्ता छीन जाती है। हालांकि, ऐसा नहीं है की आपको ऑयल को पूरी तरह से स्किप कर देना चाहिए, यदि हेल्दी फैट युक्त सही कुकिंग आयल का चयन किया जाए तो यह आपके डिश में स्वाद जोड़ते हैं साथ ही आपकी सेहत फायदेमंद साबित हो सकते हैं। लेस ऑयल कुकिंग या जीरो ऑयल कुकिंग काफी ज्यादा ट्रेंड कर रहा है, जिसे लेकर बहुत से लोग यह सवाल कर रहे हैं, की क्या लेस ऑयल कुकिंग असल में फायदेमंद है? हमने इस सवाल का जवाब जानने के लिए डॉ. बिमल छाजेर फॉर्मर कंसलटेंट एम्स, डायरेक्टर साओल हार्ट सेंटर, नई दिल्ली से बात की। तो चलिए एक्सपर्ट से जानते हैं, इस सवाल का जवाब।

**जानिए क्या कम तेल में खाना पकाना असल में फायदेमंद है**-डॉ. बिमल छाजेर कहते हैं यह सच है कि कम तेल में खाना पकाना आपके स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। तेल का अधिक सेवन कोलेस्ट्रॉल के स्तर को बढ़ा सकता है, साथ ही वज़न बढ़ा सकता है, जिसके कारण हृदय संबंधी समस्यायों का खतरा बढ़ सकता है। नियमित खाद्य पदार्थों को पकाने में इस्तेमाल किए जाने वाले ऑयल की मात्रा को कम करने से आपका वेट मैनेज रहता है।साथ ही हानिकारक फैट के सेवन को सिमित रखें, इससे हृदय संबंधी समस्याओं का खतरा कम हो जाता है। कम तेल का सेवन पाचन में भी मदद करता है। वहीं लो ऑयल कुकिंग के साथ सूजन और एसिड रिफ्लक्स जैसी समस्याओं से भी बचा जा सकता है।


**1. वेट मैनेजमेंट में मदद करे**-कम मात्रा में तेल का सेवन वजन घटाने और स्वस्थ वजन बनाए रखने में आपकी मदद कर सकता है। एक चम्मच तेल में लगभग 120 कैलोरी होती है, साथ ही कुछ ऐसे ऑयल हैं, जिनमें काफी ज्यादा मात्रा में अनहेल्दी फैट होते हैं। इस प्रकार इनका सेवन आपके वजन में योगदान दे सकता है।

**2. हृदय स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित है**-खाना पकाने के लिए कम तेल और हेल्दी कुकिंग ऑयल का इस्तेमाल करने से खाद्य पदार्थों में सैचुरेटेड और ट्रांस फैट की मात्रा कम हो जाती है, जिससे हृदय रोग का खतरा भी कम हो जाता है। यह एलडीएल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम कर सकता है और ब्लड प्रेशर को सामन्य रखने में मदद करता है।

**3. डाइजेशन को बढ़ावा देता है**-खाद्य पदार्थों में कम मात्रा में कुकिंग ऑयल का इस्तेमाल डिश में फाइबर की मात्रा को बढ़ा देता है। इस प्रकार फाइबर एक बेहतर पाचन क्रिया के निर्माण में आपकी मदद कर सकता है। लेस ऑयल कुकिंग आपको ब्लोटिंग और कब्ज जैसी समस्याओं से दूर रहने में मदद करती है।

**4. पोषक तत्वों के अवशोषण को बढ़ावा देता है**-खाद्य पदार्थों में जब आप ऑयल इस्तेमाल नहीं करती, या बहुत कम ऑयल से कुकिंग करती हैं। तो आपके पास स्टीमिंग, बॉयलिंग और बेकिंग जैसे कुकिंग के हेल्दी विकल्प उपलब्ध होते हैं।

## गट हेल्थ बूस्ट करनी है तो हर रोज़ खाएं नाशपाती



गर्मी के दिनों में अक्सर लोग पेट दर्द, ब्लोटिंग, अपच और कब्ज का सामना करते है। ऐसे में अपने पाचन को मज़बूत करने के लिए नाशपाती बेहद कारगर विकल्प है। इससे गट में गुड बैक्टीरिया की मात्रा बढ़ने लगती है।रस से भरपूर हरे रंग का बल्ब के आकार का फल नाशपाती गर्मियों के मौसम में बाजारों में खूब बिकता है। ये फल न केवल देखने में खूबसूरत है, बल्कि इसके सेवन से शरीर को पोषण की प्राप्ति होती है। गर्मी के दिनों में अक्सर लोग पेट दर्द, ब्लोटिंग, अपच और कब्ज का सामना करते है। ऐसे में अपने पाचन को मज़बूत करने के लिए नाशपाती बेहद कारगर विकल्प है। जानते हैं कि कैसे पोषण से भरपूर नाशपाती गट हेल्थ को पहुंचाती है फायदा। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ के अनुसार नाशपाती का सेवन करने से शरीर को पॉलीफेनोल और एंटीऑक्सीडेंटस की प्राप्ति होती है। इससे ऑक्सीडेटिव तनाव कम हो जाता है। इसमें पाई जाने वाली घुलनशील और अघुलनशील फाइबर की मात्रा बॉवल मूवमेंट को नियमित बनाए रखने में मदद करता है। यूएसडीए की रिसर्च के अनुसार रोज़ाना एक मीडियम साइज़ नाशपाती का सेवन करने से शरीर को 6 ग्राम फाइबर की प्राप्ति होती है, जो दिनभर की 21 फीसदी फाइबर की पूर्ति करता है।इस बारे में डायटीशियन प्रिया पालन बताती हैं कि नाशपाती के सेवन से शरीर को फाइबर के अलावा विटामिन सी, केऔर पोटेशियम की प्राप्ति होती है। साथ ही मैग्नीशियम, जिंक और मैंगनीज जैसे मिनरल्स भी मिलते है। इसके नियमित सेवन से शरीर को फाइटोकेमिकल्स की प्राप्ति होती है। इसे पाचनतंत्र सुचारू बना रहता है। इसके सेवन से पेट संबधी समस्याओं को दूर करने के लिए हृदय संबंधी समस्याओं और अर्थराइटिस की समस्या को भी दूर किया जा सकता है। इसे सैलेड, पुडिंग या स्मूदी में मिलाकर पी सकते हैं। **फाइबर से भरपूर**-आहार में नाशपाती को शामिल करने से शरीर को पेक्टिन नाम के सॉल्यूबल फाइबर की प्राप्ति होती है, जिससे डाइजेशन स्लो हो जाता है और गट हेल्थ मज़बूत होने लगती है। इससे शरीर का इम्यून सिस्टम मज़बूत बनता है। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ की रिपोर्ट के अनुसार 80 लोगों पर 4 सप्ताह पर एक स्टडी की गई। इसमें उन्हें रोज़ाना 24 ग्राम पेक्टिन प्रदान किया गया। इससे प केवल गट बैक्टीरिया में सुधार आया बल्कि कब्ज की समस्या हल हो गई।

**2. प्रीबायोटिक की मात्रा**-विटामिन और मिनरल्स के अलावा नाशपाती में प्रीबोयाटिक्स पाए जाते हैं, जिससे माइक्रोबायोम संतुलित बनाए रखने में मदद मिलती है। आंत में गुड बैक्टीरिया की मात्रा बढ़ने लगती है, जिसके चलते बॉवल मूवमेंट नियमित बना रहता है। इस लो कैलोरी फूड से इनटेसटाइनल हेल्थ की मज़बूती के साथ कोलन कैंसर का जोखिम कम होने लगता है।

**3. वज़न को करे नियंत्रित**-वेटलॉस के लिए भी नाशपाती बेहद फायदेमंद है। इस लो कैलोरी फूड में फाइबर और पानी की उच्च मात्रा पाई जाती है।

**हमारा वतन**
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें।
Email- hamarawatan65@gmail.com 9214996258 7014468512

**अति आवश्यक सूचना**

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

## सम्पादकीय.....

# भारत-रूस की परखी हुई दोस्ती

भारत ब्रिक्स सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है, जिसके अपने निहितार्थ हैं और संदेश भी, लेकिन उससे भी अधिक मायने हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की मुलाकात के, जो ब्रिक्स की बैठक से एक दिन पहले ही हो रही है। यह भेंट क्रेमलिन की इस सोच के साथ हो रही है कि रूस, भारत को अपना रणनीतिक साझेदार मानता है और दोनों देशों के रिश्ते उसके लिए बेहद अहम हैं। अहम इसलिए, क्योंकि पुतिन उस दौर में भारत की यात्रा पर आ रहे हैं, जब रूस वैश्विक अलगाव एवं पश्चिमी दुनिया के वैचारिक-आर्थिक हमलों से गुजर रहा है और पूरी दुनिया की निगाहें पुतिन पर आ ठिठकी हैं। पुतिन के लिए यह तय करने का वक्त भी हो सकता है कि पुरानी और नई दोस्ती को कैसे देखें और किसे चुनें? कुछ विश्लेषक उन्हें स्टालिन के सर्वसत्तावादी चश्मे से देखते हैं, जिससे पुतिन में उन्हें डरना कम, डराना अधिक


राम गोपाल सैनी

दिखता है। वैसे, इन सबके बीच अच्छी बात यह है कि ऐसे वक्त में भी पुतिन दुनिया की अपेक्षा भारत की ओर देख रहे हैं। यह भारत के लिए मॉस्को की तरफ से मिलने वाला 'डिप्लोमैटिक डिवीडेंड' है, जो नई दिल्ली के लिए स्थितियों को अनुकूल बनाता है। तो क्या यह कहा जा सकता है कि इन स्थितियों में पुतिन की भारत यात्रा रणनीतिक, सैन्य, आर्थिक और भू-राजनीतिक आयाम की दृष्टि से बेहद संवेदनशील है?चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों और संवेदनशील समय में होने जा रही मोदी-पुतिन बैठक में कुछ अहम मुद्दे शामिल हो सकते हैं। रक्षा, परमाणु ऊर्जा, ईंधन, व्यापार और भू-राजनीति से जुड़े द्विपक्षीय मुद्दों के अलावा संभावना यह भी है कि इसमें यूक्रेन युद्ध और फारस की खाड़ी में जारी तनाव जैसे मुद्दे भी होंगे। ये दोनों संघर्ष भू-राजनीति और वैश्विक अर्थव्यवस्था पर गहरा असर डाल रहे हैं, जिससे भारत भी अछूता नहीं है। इसलिए इन पर चर्चा भी होनी चाहिए। ध्यान देने वाली बात यह है कि पुतिन खाड़ी में कायम तनाव से प्रभावित वैश्विक अर्थव्यवस्था पर तो मुखरता से बोलते हैं, मगर यूक्रेन के मामले में वह चुप्पी साध लेते हैं। यह देखा गया है कि राष्ट्रपति पुतिन युक्रेन युद्ध को रोकने की सलाह या ऐसे किसी वक्तव्य पर सहज नहीं होते। ऐसे में, यूक्रेन युद्ध को लेकर किसी शांति पहल की वकालत करने के बजाय भारत को कूटनीतिक सहयोग को मजबूत करने वाले मुद्दों पर आगे बढ़ना चाहिए।इस बैठक में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग एक बड़ा मुद्दा हो सकता है। जैसा कि क्रेमलिन के प्रवक्ता की तरफ से बताया गया है कि रूस द्वारा पांचवीं पीढ़ी का स्टील्थ तकनीक (जिसे रडार न पकड़ सकें) वाला जेट फाइटर सुखोई 57 (एसयू-57) भारत को देना रूसी एजेंडे में शामिल है। इसके साथ ही बैठक में द्विपक्षीय रक्षा सहयोग एक अहम मुद्दा हो सकता है। पुतिन की पिछली भारत यात्रा दिसंबर 2025 में हुई थी। नौ महीने में यह उनकी दूसरी भारत यात्रा है, इसलिए भारत-रूस मैत्री और मोदी-पुतिन केमिस्ट्री को समझने की आवश्यकता होगी। हालांकि, यह मैत्री नई नहीं है, पिछले 55 वर्षों से चली आ रही है। यद्यपि बीच में यह कुछ गड़बड़ाई और अभी भी इसे संभाले रखने की चुनौती है। ऐसा इसलिए, क्योंकि इसका असर रक्षा, भू-रणनीति और ऊर्जा रणनीति पर पड़ सकता है।कूटनीति में 'फॉरवर्ड', 'बैलेंसिंग', 'रीसेट' और 'रीबैलेंसिंग' एक चक्रीय क्रम में चलता रहता है, इसलिए ठहरने के बजाय आगे बढ़ने की जरूरत होती है और भारत और रूस इन मामलों को लेकर गंभीर हैं। यही कारण है कि रूस ने अमेरिका के विरोध के बावजूद भारत के साथ एस 400 डील की और भारत ने यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद अमेरिका और यूरोपीय देशों द्वारा रूस पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद भी उससे तेल खरीद जारी रखी। हालांकि, ट्रंप की टैरिफ नीतियों के चलते यह प्रक्रिया कुछ हद तक प्रभावित हुई, जैसा कि दुनिया के अन्य देशों के साथ भी हुआ।

# शॉर्ट फिल्म 'गलती किसकी' का पोस्ट प्रोडक्शन जोरों पर

**जयपुर (हमारा वतन)**

कला, सामाजिक और सांस्कृतिक संस्था संस्कार सृजन संस्था के बैनर तले निर्मित शॉर्ट फिल्म गलती किसकी का पोस्ट प्रोडक्शन जोरों पर है। फिल्म की शूटिंग जयपुर की विभिन्न लोकेशंस पर की गई है। फिल्म के डायरेक्टर राम गोपाल सैनी ने बताया कि आजकल के माता-पिता अपने बच्चों को बहुत आगे बढ़ते हुए देखना चाहते हैं। बच्चे भी माता-पिता के सपनों को पूरा करने के लिए एड़ी से चोटी का जोर लगाते हैं। लेकिन जब माता-पिता का बुढ़ापा आता है तो अकेलापन उनको खाता है, वहीं विदेश में बैठे बच्चे भी माता-पिता की सेवा




की बात सोचकर परेशान हो रहे होते हैं और सोचते हैं कि आखिर गलती किसकी। यही कहानी इस फिल्म में दिखाई गई है।

इस शॉर्ट फिल्म में राजस्थानी फिल्मों के महानायक उग्रसेन तंवर, जया पांडे, अभिनव शर्मा और अभिमन्यु शर्मा मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। एडिटिंग रजनीश सैनी की है। जयांजलि प्रोडक्शन का शूटिंग में विशेष सहयोग रहा। जानकारी के लिए आपको बता दें कि इससे पहले भी संस्कार सृजन संस्था द्वारा निर्मित अनमोल जीवन, अपमान, सच्ची आज़ादी और राखी जैसी शॉर्ट फिल्म इंडिया यूट्यूब चैनल पर रिलीज हो चुकी हैं, जिसे दर्शकों का जबरदस्त प्यार मिल रहा है। चैनल आगे भी सामाजिक सन्देश देने वाली शॉर्ट फिल्मों का निर्माण कर नए कलाकारों को मौका देता रहेगा।

# ईटावा भोपजी के शिरडी साई मंदिर में हुआ भव्य कन्या प्रसादी का आयोजन



**जयपुर (हमारा वतन)।** चौमूं तहसील के ग्राम ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साईं मंदिर में अपार श्रद्धा और उत्साह के साथ भव्य कन्या प्रसादी का आयोजन किया गया।

मनोकामना पूर्ण होने पर चौमूं निवासी सीताराम मीणा और श्रवण कुमार मीणा के परिवार द्वारा इस धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन कराया गया।

मंदिर महंत कैप्टन पृथ्वी सिंह नाथावत ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रसादी कार्यक्रम से पूर्व साईं नाथ की मनोहारी झांकी सजाई गई, जिसे फूलों और मालाओं से अलौकिक रूप दिया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद साईं बाबा को भोग लगाया गया। तत्पश्चात, पधारीं सभी कन्याओं का पूजन कर, तिलक लगाकर और दक्षिणा भेंट कर आशीर्वाद लिया गया।

इस आध्यात्मिक अवसर पर सतीश कुमार, रानू, सीता देवी, लक्ष्मी देवी, गीता देवी, हंसा, अनु, जितेंद्र सिंह नाथावत, सुप्यार कंवर, अंजलि नाथावत और आयुषी नाथावत सहित बड़ी संख्या में साईं भक्त उपस्थित रहे और धर्म लाभ उठाया।




# लायंस क्लब जयपुर भगवती डिवाइन ने आयोजित किया शिक्षक दिवस समारोह

**जयपुर (हमारा वतन)।** लायंस क्लब जयपुर भगवती डिवाइन द्वारा आकाशदीप महाविद्यालय मानसरोवर जयपुर में शिक्षक दिवस पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

अध्यक्ष लायन राजकुमारी गुप्ता ने बताया कि इस दौरान एलसी भारतीय, डॉक्टर मीनू भारतीय, आरती कटारिया, कमल किशोर कटारिया, अनीता कटारिया, प्रहलाद गुप्ता ,अरिंदम सोनी सहित अन्य 15 शिक्षक और शिक्षकों को श्रीफल, प्रमाण पत्र, माला और दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया गया।



शिक्षक दिवस समारोह के दौरान एडवाईज़र लायन शकुन्तला गोयल, सचिव लायन ममता गुप्ता, कोषाध्यक्ष लायन पुष्पा अग्रवाल सहित क्लब के अन्य लायन साथी मौजूद रहे।

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
उप सम्पादकः सुरेन्द्र कुमार सैनी
E mail-hamarawatan65@gmail.com
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र चौमूं शहर होगा।